# राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की स्मृति को किया नमन




**कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश।**

गोहाना, 29 अगस्त (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण कार्यालय और शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की स्मृति को नमन करते हुए महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि मेजर ध्यान चंद के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की दूरदर्शी व गतिशील खेल नीति के कारण हरियाणा पूरे भारत का स्पोर्ट्स हब बनकर उभरा है। कुलपति ने कहा कि खेल के क्षेत्र में खिलाड़ी बनने के अलावा ट्रेनर, न्यूट्रिशनिस्ट, वेलनेस कोऑर्डिनेटर, फिटनेस कोच, स्पोर्ट्स मैनेजर सहित अन्य बेहतरीन रोजगार अवसर उपलब्ध हैं। इस अवसर पर कुलपति ने छात्राओं को खेलों को अपनी दिनचर्या का नियमित हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया । खेल और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जिसमें शैक्षणिक विभाग वर्ग में शिक्षा विभाग की टीम ने महिला पॉलिटेक्निक की टीम को हराकर मुकाबला जीता। वहीं, स्कूली वर्ग में कन्या गुरुकुल की टीम यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल को परास्त कर विजेता बनी। इस कार्यक्रम में स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ संजीत मलिक, डॉ दीपक ढाका, नागेंद्र हुड्डा, डॉ संजय राठी सहित विश्वविद्यालय कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित रही।

अजीत समाचार
30-Aug-2024
Page: 10
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20240830/27/10/1_1.cms

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat 30.08.2024 - 30 Aug 2024 - Page 1

## खेल दिवस पर महिला विवि में कार्यक्रम आयोजित

# खेलों के क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर



गोहाना। खेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि खेलों में रोजगार की अच्छी संभावनाएं हैं। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भाग लेकर अपने कॅरियर का निर्माण कर सकते हैं। वे गुरुवार को खेल दिवस पर विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित कर रही थीं।

कुलपति ने कहा कि हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की स्मृति में खेल दिवस मनाया जाता है। मेजर ध्यानचंद का जीवन युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करता है। प्रो. सुदेश ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की दूरदर्शी व गतिशील खेल नीतियों के चलते हरियाणा पूरे देश में स्पोर्ट्स हब बनकर उभरा है। मनु भाकर, विनेश फोगाट, उन्नति हुड्डा व साक्षी मलिक जैसे हरियाणा के नामी खिलाड़ी ओलंपिक सहित अन्य राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में देश का नाम ऊंचा कर रहे हैं। खेल और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विश्विद्यालय में कबड्डी प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में महिला पॉलिटेक्निक की टीम को हराकर शिक्षा विभाग की टीम ने मुकाबला जीता। वहीं, स्कूली वर्ग में कन्या गुरुकुल की टीम यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल को परास्त कर विजेता बनी। इससे पूर्व, शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यक्ष डॉ. सुमन दलाल ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ. संजीत मलिक, डॉ. दीपक ढाका, नागेंद्र हुड्डा व डॉ. संजय राठी सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।


Play / Stop Audio ♫

# शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए खेल अत्यंत आवश्यकः कुलपति प्रो. सुदेश

राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को याद किया।

Girish Saini Aug 29, 2024 09:54 0






खानपुर कलां, गिरीश सैनी। भगत फूल सिंह महिला विवि खेलों को भी करियर के रूप में समान महत्व देता है तथा उभरते हुए खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को निखार कर उन्हें खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ी बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की स्मृति को नमन करते हुए महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने यह उद्गार व्यक्त किए।

कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि मेजर ध्यान चंद के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की दूरदर्शी व गतिशील खेल नीति के कारण हरियाणा पूरे भारत का स्पोर्ट्स हब बनकर उभरा है। मनु भाकर, विनेश फोगाट, उन्नति हुड्डा, साक्षी मलिक जैसे हरियाणा के नामी-गिरामी खिलाड़ी ओलंपिक सहित अन्य राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में देश का नाम ऊंचा कर रहे हैं। कुलपति ने कहा कि खेल के क्षेत्र में खिलाड़ी बनने के अलावा ट्रेनर, न्यूट्रिशनिस्ट, वेलनेस कोऑर्डिनेटर, फिटनेस कोच, स्पोर्ट्स मैनेजर सहित अन्य बेहतरीन रोजगार अवसर उपलब्ध हैं।

कुलपति ने छात्राओं को खेलों को अपनी दिनचर्या का नियमित हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि खेल हमें टीम वर्क, समयबद्धता, धैर्य व अनुशासन सिखाते हैं और हमारे आत्मविश्वास का स्तर बढ़ाते हैं।

इस मौके पर खेल और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। शैक्षणिक विभाग वर्ग में शिक्षा विभाग की टीम ने महिला पॉलिटेक्निक की टीम को हराकर मुकाबला जीता। वहीं, स्कूली वर्ग में कन्या गुरुकुल की टीम यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल को पछाड़ कर विजेता बनी।

इससे पूर्व, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा डॉ सुमन दलाल ने स्वागत संबोधन किया और महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की उपलब्धियों से अवगत कराया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ मुकेश धनखड़ ने किया। छात्र कल्याण कार्यालय और शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ संजीत मलिक, डॉ दीपक ढाका, नागेंद्र, डॉ संजय सहित विवि कर्मी एवं छात्राएं मौजूद रही।

**Tags:** Sports are very important | staying physically and mentally healthy | VC Prof. Sudesh

RELATED POSTS


चार वर्षीय इंटिग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम के लिए पहली...


सहायक आयुक्त (प्रशिक्षु) अभिनव सिवाच ने जिला स्तरीय निरीक्षण...


राज्य स्तरीय वाईआरसी ओरिएंटेशन कार्यशाला में भाग लिया गुजवि...

COMMENTS

Name
Name

Email
Email

Comment
Comment

I'm not a robot reCAPTCHA Privacy - Terms

Post Comment

City Air News







POPULAR POSTS

Weekly Posts


Siddhi Sharma on Madhushravani scene in Ishq Jabariya:...


Luxury treatment to Darshan in jail: Three special K'taka...


"My character is someone who has long aspired to enlist...


Ayodhya celebrates first Diwali as Lord Ram and Sita return...


PLI booster: Apple ecosystem to create 5-6 lakh jobs in...

FOLLOW US

Facebook | X (Twitter) | Linkedin | Youtube | Email

RECOMMENDED POSTS


Lifestyle
How sugar-sweetened beverages may harm your health


Rajya Sabha MP Seechewal directs MC, PPCB to impose EC...


(IANS Interview) Lateral entry is akin to talent hunt,...


Examining feasibility of online voting in India

BJP will win elections and form govt in J&K: Ashish Sood...

Lifestyle changes key to prevent rising diabetes, hypertension...

CONTACT US

For Advertisement, News, Article, Advertorial, Feature etc please contact us: cityairnews@gmail.com



© 2020 Cityairnews - All Rights Reserved. Designed & Developed By: TechieFormation

Terms & Conditions Privacy Policy

# राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने का प्रयास

गोहाना मुद्रिका, 29 अगस्त : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय खेलों को भी करियर के रूप में समान महत्व देता है तथा उभरते हुए खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को निखार कर उन्हें खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ी बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को नमन करते हुए वी.सी. प्रो. सुदेश ने यह उद्गार व्यक्त किए।

प्रो. सुदेश ने कहा कि हरियाणा पूरे भारत का स्पोर्ट्स हब बनकर उभरा है। मनु भाकर, विनेश फोगाट, उन्नति हुड्डा, साक्षी मलिक जैसे हरियाणा के नामी-गिरामी खिलाड़ी ओलंपिक सहित अन्य राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में देश का नाम ऊंचा कर रहे हैं। वी.सी. ने कहा कि खेल के क्षेत्र में खिलाड़ी बनने के अलावा ट्रेनर, न्यूट्रिशनिस्ट, वेलनेस कोऑर्डिनेटर, फिटनेस कोच, स्पोर्ट्स मैनेजर सहित अन्य बेहतरीन रोजगार अवसर उपलब्ध हैं। वी.सी. ने छात्राओं को खेलों को अपनी दिनचर्या का नियमित हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल हमें टीम वर्क, समयबद्धता, धैर्य व अनुशासन सिखाते हैं और हमारे आत्मविश्वास का स्तर बढ़ाते हैं।

इस अवसर पर एक कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। शैक्षणिक विभाग वर्ग में शिक्षा विभाग की टीम ने महिला पॉलिटेक्निक की टीम को हराकर मुकाबला जीता। वहीं, स्कूली वर्ग में कन्या गुरुकुल की टीम यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल को परास्त कर विजेता बनी। कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यक्ष डॉ सुमन दलाल के साथ मुकेश धनखड़, डॉ संजीत मलिक, डॉ दीपक ढाका, नागेंद्र हुड्डा, डॉ संजय राठी आदि उपस्थित रहे।

पंजाब केसरी
FRI,30 AUGUST 2024
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने का प्रयास : प्रो. सुदेश




*वी.सी. प्रो. सुदेश छात्राओं को संबोधित करते हुए।* (अरोड़ा)

गोहाना, 29 अगस्त (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय खेलों को भी करियर के रूप में समान महत्व देता है तथा उभरते हुए खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को निखार कर उन्हें खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ी बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को नमन करते हुए वी.सी. प्रो. सुदेश ने यह उद्गार व्यक्त किए।

प्रो. सुदेश ने कहा कि हरियाणा पूरे भारत का स्पोर्ट्स हब बनकर उभरा है। मनु भाकर, विनेश फोगाट, उन्नति हुड्डा, साक्षी मलिक जैसे हरियाणा के नामी-गिरामी खिलाड़ी ओलिम्पिक सहित अन्य राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में देश का नाम ऊंचा कर रहे हैं।

वी.सी. ने कहा कि खेल के क्षेत्र में खिलाड़ी बनने के अलावा ट्रेनर, न्यूट्रिशनिस्ट, वैलनैस को-ऑर्डिनेटर, फिटनैस कोच, स्पोर्ट्स मैनेजर सहित अन्य बेहतरीन रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं।

वी.सी. ने छात्राओं को खेलों को अपनी दिनचर्या का नियमित हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल हमें टीम वर्क, समयबद्धता, धैर्य व अनुशासन सिखाते हैं और हमारे आत्मविश्वास का स्तर बढ़ाते हैं।

इस अवसर पर एक कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। शैक्षणिक विभाग वर्ग में शिक्षा विभाग की टीम ने महिला पॉलिटैक्निक की टीम को हराकर मुकाबला जीता। वहीं स्कूली वर्ग में कन्या गुरुकुल की टीम यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल को परास्त कर विजेता बनी।

कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यक्ष डॉ. सुमन दलाल के साथ मुकेश धनखड़, डॉ. संजीत मलिक, डॉ दीपक ढाका, नागेंद्र हुड्डा, डॉ. संजय राठी आदि उपस्थित रहे।

# शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए खेल अत्यंत आवश्यकः कुलपति प्रो. सुदेश

राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को याद किया

**खानपुर कलां, चेतना संवाददाता।** भगत फूल सिंह महिला विवि खेलों को भी करियर के रूप में समान महत्व देता है तथा उभरते हुए खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को निखार कर उन्हें खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ी बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की स्मृति को नमन करते हुए महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने यह उद्गार व्यक्त किए।



कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि मेजर ध्यान चंद के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की दूरदर्शी व गतिशील खेल नीति के कारण हरियाणा पूरे भारत का स्पोर्ट्स हब बनकर उभरा है। मनु भाकर, विनेश फोगाट, उन्नति हुड्डा, साक्षी मलिक जैसे हरियाणा के नामी-गिरामी खिलाड़ी ओलंपिक सहित अन्य राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में देश का नाम ऊंचा कर रहे हैं। कुलपति ने कहा कि खेल के क्षेत्र में खिलाड़ी बनने के अलावा ट्रेनर, न्यूट्रिशनिस्ट, वेलनेस कोऑर्डिनेटर, फिटनेस कोच, स्पोर्ट्स मैनेजर सहित अन्य बेहतरीन रोजगार अवसर उपलब्ध हैं। कुलपति ने छात्राओं को खेलों को अपनी दिनचर्या का नियमित हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि खेल हमें टीम वर्क, समयबद्धता, धैर्य व अनुशासन सिखाते हैं और हमारे आत्मविश्वास का स्तर बढ़ाते हैं। इस मौके पर खेल और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। शैक्षणिक विभाग वर्ग में शिक्षा विभाग की टीम ने महिला पॉलिटेक्निक की टीम को हराकर मुकाबला जीता।